तापमान
अधिकतम 36.7 डिग्री
न्यूनतम 28.1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 18 जुलाई 2024

12 हाइवे पर बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था

12 पानी निकासी के लिए कब्जे हटाने के आदेश


## खबर संक्षेप

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराडा में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी संजीव कुमार व सौरभ को गिरफ्तार किया है। तंदवाल के कृष्ण सिंह ने 15 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने तंदवाल में उसके पोते दिनेश उर्फ काकू को लाठी, डंडों, तलवार से मारपीट करते हुए घायल कर जान से मारने की धमकी दी है।

### प्रकृति की यही पुकार, पेड़ लगाओ बीमारी भगाओ

**घरौंडा।** सिर्फ पेड़ पौधे ही बीमारियों से निजात दिला सकते है श्री रामलीला कमेटी घरौंडा एवं युवा सेवा संगठन के द्वारा 'वृक्षारोपण अभियान 2024' के तहत आज 60 पौधे रोपित किए गए , सभी सदस्यों द्वारा पौधे की देखभाल की जिम्मेवारी ली गई। इस मौके पर देव गुप्ता, अनुप गुप्ता, तुषार गुप्ता, राजन मिश्रा उपस्थित रहे।

### सूने घर से नकदी व गहने चोरी

**पानीपत।** पानीपत की उझा रोड स्थित साई कालोनी निवासी सोनू के कमरे से चोरों ने नगदी व गहने चोरी कर लिए। वहीं सोनू की शिकायत पर चांदनीबाग थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने मित्तल मेगा मॉल के भूत बंगला में ननद व भाभी से छेड़छाड़ करने वाले दोनों आरोपियों प्रदीप निवासी गांव कवि जिला पानीपत व अनीश निवासी गांव बुसाना जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है।

### कातिलाना हमले में तीन आरोपियों को दबोचा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने तहसील कैंप के कृष्णा नगर निवासी धर्मेंद्र के साथ हुई कहासुनी के बाद उसके बड़े भाई दीपक को घर से बुलाकर पिस्तौल से गोली मारकर जानलेवा हमला करने मामले में तीन आरोपियों अंकुश मनोचा, हिमांशु व अमनदीप को गिरफ्तार किया है।

# सरकारी स्कूल की दीवार पर चढ़ा तेंदुआ, बच्चों ने देखा तो खेतों के रास्ते भागा

## तेंदुआ देखे जाने के बाद बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर स्कूल की छुट्टी कर दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

मारकंडा नदी पार के गांव ठाकुरपुरा में सरकारी स्कूल की दीवार पर बच्चों ने तेंदुआ देख लिया। घबराए शिक्षकों ने तुरंत स्कूल की छुट्टी कर दी। साथ ही अभिभावकों को अपने बच्चों का ख्याल रखने की बात कही गई। खेतों के रास्ते तेंदुआ भाग गया। शिवालिक के जंगलों से आए इस तेंदुए की वजह से ग्रामीण दहशत में है। दरअसल बुधवार की सुबह जब स्कूल में बच्चे अपनी अपनी कक्षाओं में पढ़ाई कर रहे थे। तभी उन की नजर खिड़की से बाहर दीवार पर चल रहे तेंदुए पर पड़ गई। इसके बाद बच्चे सहम गए। कई बच्चे तो डर के मारे रोने लगे। तभी पीटीआई अध्यापक ने हिम्मत जुटाकर बाहर निकला। हालांकि तब तक तेंदुआ खेतों में कूद चुका था। इसके बाद अध्यापकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को मामले से अवगत कराया। ग्राम पंचायत कलाल्टी को भी सूचित किया गया। तब बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर स्कूल की छुट्टी कर दी गई। स्कूल प्रिंसिपल ने वन्य प्राणी विभाग को मामले की सूचना दी। अब विभागीय कर्मचारी मामले की जांच कर रहे हैं। उधर स्कूल की दीवार पर तेंदुआ देखे जाने का मामला सामने आया तो बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल की छुट्टी कर दी गई। स्कूल की दीवार पर तेंदुआ देखे जाने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक बच्चों को लेने स्कूल पहुंच गए। हालांकि वन्य प्राणी विभाग की टीम को अभी तक इलाके में कहीं भी तेंदुआ होने के प्रमाण नहीं मिले। बरसात की वजह से अभी जानवर को तलाशने का अभियान रोका गया है। तेंदुए की दहशत की वजह से ग्रामीण बेहद परेशान हैं। किसान भी खेतों में बिना हथियार और अकेले जाने से बच रहे हैं। छोटे बच्चों के भी घर से बाहर निकलने पर परिजनों द्वारा पाबंदी लगाई गई है।

ग्रामीण राहुल वालिया,सुरेन्द्र सिंह,मनमोहन सिंह, सागर, दीपक,मोहित ,बिट्टू आदि ने कहा कि पिछले 5 दिनों से पूरे क्षेत्र में तेंदुए को देखे जाने की बात सामने आ रही है। जहां तेंदुए ने एक बच्चे को शिकार बनाया है वहीं कुछ कुत्तों की मौत होने की भी बात सामने आई है। अब ठाकुरपुरा में तेंदुए को देखे जाने का मामला सामने आया है।

उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी यह मानने को तैयार ही नही है कि कोई घातक जंगली जानवर क्षेत्र में उतरा हुआ है। उन्होंने विभागीय कर्मचारियों की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं

- बच्चों के बाहर निकलने पर अभिभावकों ने लगाई पाबंदी
- ग्रामीणों में दहशत


मौका दिखाते हुए पीटीआई टीचर

### पीटीआई बोला मेरे सामने खेतों में भागा

राजकीय उच्च विद्यालय ठाकुरपुरा के पीटीआई अनिल ने बताया कि स्कूल में हर रोज की तरह कक्षाएं लगी हुई थी। तभी बच्चों ने एक तेंदुए को दीवार पर चढ़े हुए देखा और उन्हें बताया गया। इसके बाद उसने बाहर निकलकर दीवार पर चढ़ कर देखा तो पहले उन्हें खेतों की तरफ कुछ भी नही दिखाई दिया। तब साथ लगते खेत मालिक को भी सूचित कर दिया गया। जब खेत का मालिक हाथ मे लाठी लिए हुए खेत के एक कोने पर खड़ा था तभी एक तेंदुए जैसे दिखाई देने वाले जंगली जानवर ने खेतों से निकला और उंच जंप लगाया। इसके बाद वह खेतों के रास्ते आगे की तरफ भाग गया। अनिल कुमार ने कहा कि वह जानवर तेंदुए जैसा दिखाई दे रहा था। हालांक शिक्षक ने उसकी लंबाई कुछ कम होने की बात कही है।

### मौके का मुआयना किया जा रहा

अध्यापक द्वारा तेंदुआ देखे जाने की सूचना मिलने हमने एहतियातन बच्चों की छुट्टी करा दी थी। वहीं वन्य प्राणी विभाग सहित पुलिस को भी सूचित कर दिया था। मौके का मुआयना किया जा रहा है।

देवेंद्र वालिया, सरपंच ठाकुरपुरा

### संभावित जगह पर पिंजरे लगाएं जाएंगे

सूचना के आधार पर मौके का मुआयना किया गया है। एहतियात के तौर पर हम संभावित जगह पर पिंजरा लगाएंगे। बारिश होने के चलते वहां किसी प्रकार के पांव के निशान नहीं मिले है।

राकेश कुमार, इंस्पेक्टर, वन्य प्राणी विभाग

# कुवि स्पेन के विश्वविद्यालयों के साथ करेगा एक्सचेंज कार्यक्रमों का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अखिल भारतीय विवि संघ (ए.आई.यू.) द्वारा भारत और स्पेन के क्रू विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक साझेदारी को लेकर हुए ऐतिहासिक समझौते के तहत कुरुक्षेत्र विवि स्पेन के विश्वविद्यालयों से रिसर्च, फैकल्टी एवं स्टूडेंटस एक्सचेंज कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इस आशय की घोषणा कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने भारत के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में स्पेन के विश्वविद्यालयों का अवलोकन कर लौटने के पश्चात अभिव्यक्त किए। कुलपति ने कहा कि अखिल भारतीय विवि संघ द्वारा भारत के कुलपतियों का एक प्रतिनिधिमंडल एक सप्ताह के लिए स्पेन के विश्वविद्यालयों के अवलोकन के लिए गया था। ए.आई.यू. के तत्वावधान में भारत के 20 से अधिक विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने स्पेन की विगो यूनीवर्सिटी,बार्सिलोना यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी अबात ओलिबा सीईयू, आटोनोमस यूनिवर्सिटी ऑफ बार्सिलोना,पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी कैटेलोनिया सहित 25 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक कर ऐतिहासिक समझौता किया। इस संदर्भ में कुरुक्षेत्र विवि के लोक संपर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रो. सचदेवा ने भारत के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में 7 से 11 जुलाई तक स्पेन के अनेक विश्वविद्यालयों की फैकल्टी के साथ रिसर्च, फैकल्टी एवं स्टूडेंटस एक्सचेंज कार्यक्रम के विषय में विस्तार से चर्चा की।

- कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने किया स्पेन के विश्वविद्यालयों का अवलोकन

# झमाझम बारिश ने उमस भरी गर्मी से दिलाई राहत, सड़कें हुई जलमग्न

## कई जगह सीवर बैक मारने से खाली पड़े प्लाटों में पानी भर गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी में लोगों के लिए बुधवार की सुबह गर्मी से राहत लेकर आई। सुबह ही आसमान में छाए बादलों ने साढे 9 बजे के बाद बरसना शुरू किया तो शहर भर की सड़कें पानी से लबालब हो गई। करीब दो घंटे भर में हुई करीब 22 एमएम बारिश ने उमस भरी गर्मी को धो दिया। बारिश किसानों और आमजन के लिए लाभदायक रही। इससे अधिकतम तापमान में भी गिरवाट दर्ज की गई। बारिश के बाद अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहा। पर्यावरण में नमी का मात्रा भी 69 फीसद तक रही। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अभी आने वाले दो-तीन दिन मौसम इसी तरह परिवर्तनशील रहेगा। तेज बारिश के चलते शहर में व सेक्टरों में सड़कें पानी से लबालब हो गई। कई जगह सीवर बैक मारने से खाली पड़े प्लाटों में पानी भर गया। वाहन चालकों को सड़कों पर पानी खड़ा होने से परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि फसलों के लिए यही बारिश लाभदायक रही। इन दिनों किसानों को धान की पकाई के लिए ज्यादा पानी की जरूरत पड़ती है। दोपहर एक बजे तक आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर बाद धूप निकली।

- अधिकतम तापमान में भी गिरवाट दर्ज की गई


कुरुक्षेत्र। बारिश में अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

### फसलों के लिए रही फायदेमंद

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. कर्मचंद ने कहा कि इन दिनों में बारिश फायदेमंद रहती है। बारिश से जहां फसलों को लाभ मिलता है वहीं पर्यावरण से धूल कण बैठने पर शुद्धता भी आती है। अभी आने वाले दो तीन दिन तक मौसम इसी तरह परिवर्तनशील रहेगा और बूंदाबांदी के आसार रहेंगे।

### झमाझम हुई बारिश से मौसम बना सुहावना


यमुनानगर में हुई बरसात में भीगते हुए अपने गंतव्य पर जाते हुए लोग।

. **यमुनानगर।** लंबे अर्से से मौसम में बनी उमस व गर्मी की तपिश झेल रहे जिलेवासियों को बुधवार को हुई झमाझम बारिश से राहत मिली। बारिश होने से मौसम खुशगवार बन गया। वहीं, बारिश होने से किसानों के चेहरे भी खिल गए। बुधवार सुबह जब लोग नींद से जागे तो आसमान में कहीं-कहीं बादल छाए हुए थे और मौसम में उमस व गर्मी की तपिश बनी हुई थी। लोग अपने काम धंधों पर पसीना-पसीना हो रहे थे। मगर दस बजे के करीब अचानक आसमान में घने बादल छा गए और बारिश शुरु हो गई। करीब दो घंटे तक जिले में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। आलम यह रहा कि बारिश थमने के बाद भी शाम तक आसमान में बादल छाए रहे और मौसम सुहावना बना रहा।

### मौसम का मिजाज देखकर प्रशासन हुआ अलर्ट

पहाड़ी क्षेत्रों समेत जिले के मैदानी इलाकों में बारिश होने व आसमान में छाए बादलों को देखकर प्रशासन सतर्क हो गया है। प्रशासन ने यमुना नदी व बरसाती नदियों के बाढ़ प्रभावित इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है। हालांकि अभी तक यमुना नदी में जलस्तर सामान्य स्तर पर बह रहा है।

# युवाओं के भविष्य से खेल रहा भर्ती रोको गैंग: बड़ौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

- घरौंडा पहुंची भर्ती रोको गैंग की शव यात्रा

सरकारी नौकरियों में कोर्ट केस के माध्यम से अड़चन लगाने पर प्रदेश में निकली भर्ती रोको गैंग की शव यात्रा बुधवार को घरौंडा पहुंची। क्षेत्र से भारी संख्या में युवाओं ने भगवान विश्वकर्मा चौंक पहुंचकर यात्रा का समर्थन किया।

अखिल भारतीय ब्राह्मण आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बड़ौता ने कहा कि रोजगार के दुश्मन भर्ती रोको गैंग का सामाजिक व राजनीतिक बहिष्कार किया जाएगा।

कांग्रेस नेताओ के समर्थकों द्वारा सरकारी भर्तियों के खिलाफ कोर्ट केस दायर करने पर उनकी शव यात्रा निकाल बेनकाब करने का प्रण लिया है। संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भर्ती रोको गैंग के खिलाफ निकली शव यात्रा प्रदेश के हर जिले में जाएगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बेरोजगार युवाओं की नौकरी में सबसे बड़ी बाधा भर्ती रोको गैंग है। जब भी किसी युवा को नौकरी देने की बात आती है या सरकार रिजल्ट घोषित करती है तो भर्ती रोको गैंग के पेट में मरोड़े लगने शुरू हो जाते हैं। वे कोर्ट आदि को हथियार बनाकर उनकी नौकरी छीनने की कोशिश कर रहे हैं। अबतक भर्ती रोको गैंग से उनकी कानूनी लड़ाई थी, लेकिन अब उन्होंने सामाजिक लड़ाई से उन्हें प्रदेश की जनता के सामने बेनकाब करने का बीड़ा उठाया है।

सुरेंद्र शर्मा बड़ौता ने कहा कि इनकी कारगुज़ारियों के कारण हजारों गरीब युवाओं के भविष्य पर बेरोजगारी का संकट मंडराने लगा है। उनकी नौकरी जाने के आदेश जारी होने पर कांग्रेस नेता अखबारों में बयान देकर जश्न मना रहे हैं, जबकि गरीब बेरोजगारों के परिवार आंशू बहा रहे हैं। कांग्रेस राज में नौकरियों की खुली बोली लगती थी। दलाल गली गली घूमते थे। ग़रीब परिवार के लिए सरकारी नौकरी सपना थी, लेकिन अब गरीबों को भी बिना खर्ची बिना पर्ची के नौकरी मिलने लगी है तो कांग्रेस नेताओं को दर्द होता है। इनका हक हड़पने के लिए दोनों नेताओं के गुर्गे तरह तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। यात्रा के माध्यम से गरीब युवाओं से भर्ती रोको गैंग के खिलाफ संगठित होने की अपील की जा रही है। भर्ती रोको गैंग पार्टी का बहिष्कार करने की पुरजोर कोशिश है। शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि रोजगार की दुश्मन इस गैंग ने भविष्य में नौकरी रोकने की दिशा में कोई भी कार्रवाई की तो उन्हें युवा गांव में नहीं घुसने देंगे।

### रोजगार के दुश्मन न बनें कांग्रेसी

पत्रकारों से बात करते हुए शर्मा ने कहा कि कांग्रेस रोजगार की दुश्मन न बने बल्कि रोजगार से जुड़े मामलों में सहयोगी बने। कोर्ट केस कराकर भर्तियों में रोड़ा न अटकाए। कांग्रेस के लोग यदि ऐसे ही रोजगार में रुकावट पैदा करते रहेंगे तो वे जल्द ही कांग्रेस नेताओं के घरों व कार्यालयों का घेराव भी करेंगे।

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 के कार्यों को लेकर स्कोप ऑफ वर्क निर्धारित करें टीमें: वैशाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- महोत्सव के प्रबंधों को लेकर कमेटियों का गठन कर दिया गया

कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 का आयोजन नवंबर-दिसंबर 2024 में किया जाएगा। इस महोत्सव का शेड्यूल मुख्यमंत्री से अनुमति लेने के उपरांत तैयार किया जाएगा। फिलहाल महोत्सव के प्रबंधों को लेकर कमेटियों का गठन कर दिया गया है। इन कमेटियों के चेयरमैन को स्कोप ऑफ वर्क तैयार करने के निर्देश दिए है। इतना ही नहीं इन कमेटियों को 31 अगस्त तक टेंडर प्रक्रिया पूरी करने का समय दिया है। सीईओ डा. वैशाली शर्मा बुधवार को देर सायं केडीबी के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 के प्रबंधों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रही थी। इससे पहले एडीसी डा. वैशाली शर्मा ने पिछले वर्ष अंतर्राष्ट्द्रीय गीता महोत्सव के आयोजन को लेकर किए गए तमाम प्रबंधों को लेकर फीडबैक ली और पिछले बार की कमियों को दूर करने के लिए अधिकारियों और केडीबी के सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए।

### प्रबंधों को ओर बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए

इस दौरान केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने अंतर्राष्टीय गीता महोत्सव-2024 के प्रबंधों को ओर बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए कि प्रबंधों को लेकर 4 या 5 आडिट कमेटी का गठन किया जाए जो रोजाना अपनी रिपोर्ट केडीबी प्रशासन को दे, ब्रहमसरोवर के अंदर चारों तरफ शरारती तत्वों को रोकने और फड़ी वालों पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने के लिए 40-50 कर्मचारियों की एक एनफोर्समेंट टीम का प्रबंध किसी सिक्योरिटी एजेंसी के माध्यम से किया जाए, पार्किंग स्थलों के अंदर अवैध रुप से लगने वाली दुकानों को रोका जाए और ब्रहमसरोवर के बाहर सडकों के किनारे खड़ी रेहड़ियों के अंकुश लगाया जाए। कुरुक्षेत्र 48 कोस विकास एवं निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने सुझाव दिया कि ब्रहमसरोवर के अंदरुनी घाटों पर नियमित रुप से सफाई व्यवस्था की जाए और प्रत्येक घंटे में कचरे का उठान कार्य किया जाना चाहिए। केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 में 11 दिसंबर को गीता जयंती का दिन होगा और बाकी शेड्यूल प्रदेश सरकार से विचार-विमर्श करने के उपरांत तैयार किया जाएगा। यह महोत्सव 18 दिन का होगा और महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 8 दिन के होंगे। सभी के सहयोग से इस महोत्सव को सफल बनाना है। इस मौके पर एसडीएम सुरेंद्र पाल, एसडीएम अमन कुमार, एसडीएम नसीब कुमार, नगराधीश डा. रमन गुप्ता, केडीबी सदस्य डा. एमके मोदगिल, अशोक रोशा, डा. ऋषिपाल मथाना, युधिष्ठिर बहल सहित अन्य अधिकारीगण व सदस्य मौजूद रहे।

## धर्मकर्म

### अमित मुनि ने सामूहिक पंच परमेष्ठि णमोकार मंत्र का सामूहिक पाठ करवाया

# मानवता के विरूद्ध है किसी भी तरह की हिंसा: अनुपम मुनि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सर्व धर्म दिवाकर श्री अनुपम मुनि, अपने अंतेवासी शिष्यों, मधुर कथाकार अमित मुनि व विद्याभिलासी अतिशय मुनि के साथ बुधवार को आज गांधी मंडी जैन स्थानक में शुभ मंगलमय चातुर्मास हेतु मंगल प्रवेश किया। इधर, श्री अनुपम मुनि प्रवचन करते हुए कहा कि जैन संत तो रमते जोगी होते हैं वे एक स्थान पर अधिक समय के लिए विशेष परिस्थितियों में ही रुकते हैं। वर्षा काल में जीवो की उत्पत्ति बहुत होती है। इसलिए वर्षा काल के चार महीने एक स्थान पर रुकते हैं ताकि जीव हिंसा से अधिकाधिक बचा जा सके। इसीलिए चातुर्मास वर्षावास भी कहलाता है। इन चार महीना में संत सतियां जी महाराज स्वयं भी विशेष साधना करते हैं और श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक तप-त्याग आदि की उत्कृष्ट प्रेरणा देते हैं। अमित मुनि ने सामूहिक पंच परमेष्ठि णमोकार मंत्र का सामूहिक पाठ करवाया। इधर, अतिशय मुनि ने एक मधुर भजन प्रस्तुत किया: जोत से जोत जलाते चलो, प्रेम की गंगा बहाते चलो; राह में आए जो दिन दु:खी, सबको गले से लगाते चलो। मौके पर डॉ. ईश्वर जैन, महावीर प्रसाद जैन, प्रधान जगदीश जैन, डॉ ईश्वर जैन, शिक्षाविद् व साहित्यकार डॉ.ए.पी.जैन, रामकिशन जैन, सुरेश जैन, संजय जैन, विजेंद्र जैन, राजेश जैन, सज्जन जैन, रविंद्र जैन, अजित जैन, आत्माराम जैन, आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


पानीपत। जैन संत का स्वागत करते हुए श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

# सर्कल कबड्डी के स्टार खिलाड़ी संजू का विजयी जुलूस निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

सर्कल कबड्डी के स्टार खिलाड़ी संजू जोगी छिछड़ाना मलेशिया से सर्कल कबड्डी में जीत कर लौटने पर जिला पानीपत वासियों ने स्वागत किया और विजयी जुलूस निकालते हुए उनके पैतृक गांव छिछड़ाना ले गए। संजू का समाजसेवी राकेश सरोहा व एससी सैल भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह चिढ़ाना ने नगदी देकर स्वागत किया। उल्लेखनीय यह है कि संजू छिछड़ाना मलेशिया में सर्कल कबड्डी में पंजाब क्लब की टीम की तरफ से खेला। संजू ने इस खेल में मुख्य भूमिका कैचर ओर रेडर की निभाई और वहां मैन ऑफ सीरिज के खिताब से नवाजा गया। वहीं, संजू सर्कल कबड्डी का स्टार खिलाड़ी है। वह हरियाणा, पंजाब के साथ साथ अन्य राज्यों में अपने खेल का जलबा दिखा चुका है। इस अवसर पर बडी संख्या में ग्रामीणों ने संजू का स्वागत किया, जबकि महिलाओं ने संजू को आर्शीवाद देते हुए मंगल लोक गीत गाए।


इसराना। कबड्डी खिलाड़ी संजू जोगी का स्वागत करते हुए खेल प्रेमीगण।

**खबर संक्षेप**

### बैंक मैनेजर पर अभद्र भाषा बोलने का आरोप

**यमुनानगर।** जगाधरी के खेड़ा बाजार स्थित बैंक में काम करने वाली महिला चपरासी ने बैंक मैनेजर पर अभद्र भाषा बोलने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार रादौर निवासी नेहा रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जगाधरी खेडा बाजार स्थित पीएनबी में चपरासी के पद पर नौकरी करती है। मंगलवार को वह ड्यूटी पर आई थी तो बैंक का मैनेजर ने उसे काम करने से रोका। जब उसने काम करने से रोकने के बारे में पूछा तो आरोपी उससे अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। आरोपी ने उसे नौकरी से निकालने की धमकी भी दी। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 354ए, 509 व 506 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मलेरिया उन्मूलन को फोगिंग होगी

**पानीपत।** पानीपत जिला सचिवालय में मलेरिया उन्मूलन को लेकर बुधवार को उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की बैठक हुई। डीसी डॉ. दहिया ने अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी व मलेरिया उन्मूलन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डीसी ने निगम के अधिकारियों व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शीघ्रता से फोगिंग का कार्य प्रारंभ करें।

### कांग्रेसियों के खिलाफ प्रदर्शन किया

**पानीपत।** सरकारी नौकरियों में कोर्ट केस के माध्यम से अड़चन लगाने पर प्रदेश में निकली भर्ती रोको गैंग की शव यात्रा बुधवार को पानीपत पहुंची। अखिल भारतीय ब्राह्मण आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बड़ौता ने कहा कि कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा व रणदीप सिंह सुरजेवाला के समर्थकों द्वारा सरकारी भर्तियों के खिलाफ कोर्ट केस दायर करने पर उनकी शव यात्रा निकाल बेनकाब करने का प्रण लिया है। यात्रा के माध्यम से प्रदेशभर में जाकर बताया जाएगा कि कांग्रेस नेता अपनी पार्टी के पदाधिकारियों से कोर्ट में केस डलवाकर सरकारी नौकरियों को सिरे नहीं चढ़ने देना चाहते।

## अनाधिकृत कॉलोनी में किए अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

# अनधिकृत कॉलोनी में चला नगर योजनाकार विभाग का पीला पंजा



**यमुनानगर।** साढ़ौरा सरावन रोड़ पर अनाधिकृत कॉलोनी में अवैध निर्माण को ध्वस्त करते हुए जेसीबी मशीन।

**जिला नगर योजनाकार अशोक गर्ग ने जिलेवासियों को किया अनाधिकृत कॉलोनियों में खून पसीने की कमाई का निवेश नहीं करने के लिए आहवान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा जिले के साढ़ौरा-सरावन मार्ग पर एक एकड़ में बनाई जा रही अनाधिकृत कॉलोनी में बनी सड़कों समेत अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से ढ़हा दिया। मौके पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा। बुधवार को जिला नगरयोजनाकार अशोक गर्ग के नेतृत्व में विभाग की टीम ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में नियुक्त किए गए साढ़ौरा के नायब तहसीलदार कुलदीप की मौजूदगी साढ़ौरा-सरावन मार्ग पर एक एकड़ में बनी अनाधिकृत कॉलोनी में पहुंच गई। इस दौरान टीम के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा। मौके पर टीम ने जेसीबी की मशीन के माध्यम से अनाधिकृत कॉलोनी में बनी सड़कों, डीपीसी व चारदीवारी को ध्वस्त कर दिया गया।

**जनता आहवान किया**

जिला नगरयोजनाकार अधिकारी अशोक गर्ग ने जिले की जनता आहवान किया कि वह अपनी मेहनत की कमाई ऐसी अनधिकृत कॉलोनी में निवेश न करें। प्लॉट आदि लेने से पहले उसके बारे में अच्छी तरह जानकारी हासिल करें कि वह किसी अनाधिकृत कॉलोनी में तो नहीं है। इसके लिए जनता डीटीपी कार्यालय से संपर्क कर पूरी जानकारी लेने के बाद ही कोई भूखंड अथवा प्लाट खरीदें। मौके पर साढ़ौरा के एसएचओ अनिल कुमार, जेई समीर सैनी, क्लर्क सुमित व रमेश पाल आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं को उच्च शिक्षा ऋण पर दिया जा रहा अनुदान

- जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने दी योजना की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** योजना की जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार।

सीमित साधनों, अत्यधिक फीस और बैंकों के शिक्षा ऋण पर ब्याज के भार के कारण व्यावसायिक शिक्षा, तकनीकी डिप्लोमा, स्नातक, स्नात्तकोत्तर व चिकित्सा शिक्षा आदि प्राप्त करने से वंचित रहने वाली छात्राओं के शिक्षा के लक्ष्य को सुगम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा सार्थक प्रयास निरंतर जारी हैं। इसी क्रम में हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा छात्राओं पर शिक्षा ऋण के भार को कम करने के लिए पांच प्रतिशत ब्याज राशि बतौर सब्सिडी दी जा रही है। उक्त जानकारी बुधवार को उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने दी। उपायुक्त ने बताया कि उपरोक्त योजना के तहत हरियाणा मूल की छात्राएं एवं हरियाणा सरकार में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों की बेटियां पात्र हैं। जो देश विदेश में कहीं पर भी शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। उन्होंने बताया कि ऋण बैंक की उच्च शिक्षा स्कीम के अनुसार ही दिया जाएगा। इसमें प्रत्येक हरियाणा निवासी महिला व लड़की ऋण की पात्र है। शिक्षा के लिए आमदनी, जाति एवं सम्प्रदाय मापदंड नहीं है। डीसी ने बताया कि बैंक अगर 9.25 प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण देते हैं तो छात्राओं को अपनी जेब से केवल 4.25 प्रतिशत ब्याज देना होगा। इसके साथ ही पांच प्रतिशत राशि महिला विकास निगम चुकाएगा। उन्होंने बताया कि ऋण के लिए आवेदन पत्र संबंधित बैंक से लेकर उसमें वर्णित सभी औपचारिकताएं पूरी करके उसी बैंक में जमा करवाना होगा। इस दौरान आवेदन पत्र की एक प्रतिलिपि महिला विकास निगम के संबंधित जिले में जिला प्रबंधक के पास देनी होगी। ऋण स्वीकृत होने के बाद बैंक स्वीकृत पत्र की एक प्रति संबंधित जिला प्रबंधक के पास भेजनी होगी। जिसमें दिनांक व ऋण की राशि स्पष्ट रूप से अंकित होनी चाहिए। प्रार्थी बैंक ऋण के वितरित होने वाली हर किस्त प्रति जिला प्रबंधक कार्यालय में भेजेगा। प्रार्थी का कोर्स खत्म होने तक या खत्म होने के दो साल के अन्दर अपनी_रफाइल कार्यालय में जमा करवा सकता है। उसके बाद फाइल स्वीकार नहीं होगी।

### युवाओं के लिए शुरु की हरियाणा प्रोविजन ऑफ स्पोर्टस इक्विपमेंट योजना

- योजना के तहत युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने है प्रयास

**यमुनानगर।** खेल विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों व नगर निकायों के युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने के लिए हरियाणा प्रोविजन ऑफ स्पोटर्स इक्विपमेंट योजना शुरु की है। इस योजना के तहत युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहन और आकर्षित करना है। उक्त जानकारी जिला खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता ने दी। जिला खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता ने बताया कि खेल विभाग द्वारा शुरु की गई हरियाणा प्रोविजन ऑफ स्पोर्टस योजना के तहत युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहन हेतु गांव व नगरपालिका को खेल सामान जैसे वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, मुक्केबाजी, कुश्ती मैट, जुडो मैट तथा क्रिकेट किट प्रदान की जानी है। उन्होंने बताया कि इच्छुक गांव के सरपंच व नगर पालिका के पार्षद तेजली स्टेडियम स्थित जिला खेल कार्यालय में खेल सामान हेतु अपना आवेदन पत्र जमा करवा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि जिले के सरपंचो व नगर निकाय के पार्षदों को अपने क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने के लिए खेल विभाग के सहयोग से इस योजना का लाभ उठाना चाहिए।

# अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर छात्रा पर युवक ने संबंध बनाने का दिया दबाव

## डर के कारण छात्रा ने स्कूल जाना बंद किया तो भेद खुला

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया 12 पोक्सो एक्ट व अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज
- युवक अपनी रिश्तेदारी में छात्रा को ब्लैकमेल कर संबंध बनाने का बना रहा था दबाव
- आरोपी ने लड़की को स्कूल से उठाने की धमकी भी दी

सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक अपनी अपनी रिश्तेदारी में ही11 वीं कक्षा में पढ़ने वाली अपनी भतीजी को ब्लैकमेल कर उस पर संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। डर के कारण छात्रा ने स्कूल जाना बंद कर दिया। छात्रा की मां ने जब उससे इस बारे पूछा तो उसने सारी बात बताई। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ 12 पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति की मासी का लड़का जिला अंबाला के गांव साबेपुर निवासी नितिन उर्फ जानू पहले उनके घर पर रहता था। उसकी 16 वर्षीय लड़की शहर के एक स्कूल में 11 वीं कक्षा में पढ़ती है। आरोपी नितिन एक जून से उसकी लड़की की अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करके उस पर संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। महिला ने बताया कि एक जुलाई को उसकी लड़की घर पर अकेली थी। तभी आरोपी नितिन उनके घर पर आया और उसकी लड़की पर संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। आरोपी ने उसकी लड़की को स्कूल से उठाने की धमकी भी दी। जिस कारण उसकी लड़की डरी सहमी सी रहने लगी और उसने स्कूल जाना छोड़ दिया। जब उसने अपनी लड़की को इस बारे पूछा तो उसने सारी बात बताई। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ 351टू, 333, 77 बीएनएस तथा 12 पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# नए शैक्षणिक सत्र का किया शुभारंभ

- गुरु नानक खालसा कॉलेज में सुखमनी साहिब पाठ व कीर्तन का हुआ आयोजन
- कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. मेजर एचएस कंग समेत स्टॉफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने नए शैक्षणिक सत्र की सफलता के लिए की अरदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर आयोजित किए गए सुखमनी साहिब पाठ के दौरान निशान साहिब के समक्ष अरदास करते हुए प्रिंसीपल व स्टॉफ सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में सुखमनी साहिब पाठ व कीर्तन का आयोजन कर नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ किया गया। सुखमनी साहिब पाठ में भाग लेकर प्रिंसीपल, स्टॉफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने नए शैक्षणिक सत्र में परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट सफलता के लिए अरदास की। कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. मेजर एचएस कंग ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर कॉलेज के गुरुद्वारा साहिब में सुखमनी साहिब पाठ और कीर्तन का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि आध्यात्मिक रुप से शुरु हुए नए शैक्षणिक सत्र में कॉलेज के सभी स्टॉफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि सुखमनी साहिब पाठ और कीर्तन में भावपूर्ण प्रार्थनाओं के बाद कॉलेज प्रबंधन, स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों द्वारा एक हार्दिक अरदास आयोजित की गई। जिसमें आने वाले सफल और फलदायी शैक्षणिक वर्ष के लिए आशीर्वाद मांगा गया। प्रिंसीपल डॉ. मेजर एचएस कंग ने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र की शुभ शुरुआत आगामी शैक्षणिक प्रयासों के लिए सद्भाव और समर्पण का स्वर स्थापित करती है। मौके पर लंगर बरताया गया। जिसमें लंगर सेवा उप प्राचार्या डॉ. कमलप्रीत कौर द्वारा शालीनतापूर्वक की गई। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने शिक्षा में आध्यात्मिक आधार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु नानक खालसा कॉलेज में हम शिक्षा के माध्यम से समग्र विकास पर जोर दे रहे हैं।

जो मन और आत्मा को समान रूप से पोषित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए नए शैक्षणिक सत्र में सफलता की कामना की और उन्हें शुभकॉमनाएं दी।

# तीन दोस्तों को इटली भेजने के नाम पर हड़पे छह लाख

यमुनानगर। तीन दोस्तों को दटली भेजने के नाम पर छह लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोपी हर्ष राणा व उसके जीजा चिराग चौधरी पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आजाद नगर निवासी कार्तिक ने बताया कि वह तथा उसका दोस्त मॉडल कॉलोनी निवासी साहिल और राजीव गार्डन निवासी प्रेरणा पंवार रोजगार के लिए विदेश जाना चाहते थे। इस दौरान उसकी मुलाकात हर्ष राणा के साथ हुई। आरोपी ने उन्हें बताया कि उसका जीजा चिराग चौधरी लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह उन तीनों को विदेश भेज देगा। इस दौराना हर्ष ने उन्हें अपने जीजा चिराग से मिलवाया। आरोपी ने उन्हें कहा कि वह उन्हें इटली भेज देगा। जहां पर वह नौकरी करके अच्छा पैसा कमा सकते हैं। वह आरोपियों की बातों में आ गए। इस दौरान आरोपियों ने उनसे अलग-अलग करके छह लाख रुपये व उनके दस्तावेज ले लिए। मगर आरोपियों ने उन्हें विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया और उन्हें जाने से मारने की धमकी दी। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# कांग्रेस की प्रदेश में बढ़ रही है लोकप्रियता: ढांडा

- कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं रादौर से पूर्व प्रत्याशी रहे सुरेश कुमार ढांडा ने दर्जन भर गांव में किया जनसंपर्क
- जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों को बताई कांग्रेस की नीतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** गांव तिगरा में ग्रामीणों से मिलकर कांग्रेस की नीतियों का प्रचार करते प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुरेश कुमार ढांडा। *फोटो: हरिभूमि*

कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं रादौर से पूर्व प्रत्याशी रहे सुरेश ढ़ांडा ने बुधवार को विधानसभा रादौर के दर्जन भर गांव में जनसंपर्क कर लोगों को पार्टी की नीतियों की जानकारी दी। उन्होंने दावा जताया कि प्रदेश में अगली सरकार कांग्रेस की बनेगी। प्रदेश महासचिव सुरेश ढांडा ने बुधवार को कलानौर, तिगरा, तिगरी, कामीमाजरा, रायपुर, टोडरपुर, हरियाबांस समेत दर्जन भर गांव में जनसंपर्क किया। मौके पर ढांडा ने सभी ग्रामीणों को राहुल गांधी, मलिकार्जुन खड़गे एवं सुश्री कुमारी शैलजा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। यही कारण है कि लोग विभिन्न पार्टियों को छोड़ कांग्रेस पार्टी का दामन थाम रहे हैं। ढांडा ने कहा कि आज प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की लहर चल रही है और भाजपा के जुमलों से पर्दा उठ चुका है। आज समाज का हर वर्ग इस सरकार से दुःखी है फिर चाहे वो किसानों, मजदूरों की फसलों की बात हो या शहरों में प्रोपर्टी आईडी की हर मोर्चे पर मौजूदा भाजपा सरकार बुरी तरह फेल साबित हुई है।

**ये रहे मौजूद**

उन्होंने कहा कि कुमारी शैलजा ने अपना समस्त जीवन हरियाणा व हरियाणावासियों को समर्पित किया हुआ है और सभी को मोहब्बत रुपी धागे के साथ कांग्रेस पार्टी से जोड़ रही हैं। उनकी अथक मेहनत व निरंतर प्रयासों से आने वाले चुनावों में प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का परचम लहरायेगा। मौके पर बूरा सरपंच, लियाकत अली, कर्मबीर, डिपटी, सौबाराम शर्मा, चंद्रमोहन, सुमित, अनवर, मुखिया, इस्लाम, मोसिम, सलमान, सलीम, नसीम, असीम, वसीम अमन, दीपक आदि मौजूद थे।

ढाण्डा ने कहा कि जल्द ही वे सुश्री कुमारी शैलजा जी के नेतृत्व में प्रदेश के शहरों में यात्रा निकाल जनता को जागरूक करने का कार्य करेंगे।

# दो दोस्तों पर लोहे की रॉड से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- हमले में दोनों घायल हो गए
- पुलिस ने दो आरोपी युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

छछरौली में दो युवकों ने कहासुनी होने पर दो दोस्तों पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे दोनों दोस्त बूरी तरह से घायल हो गए। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव बलौली निवासी जसप्रीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 10 जुलाई को अपने दोस्त छछरौली निवासी जसप्रीत सिंह के साथ किसी काम से जा रहा था। रास्ते में उसकी विक्की व कमल के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस दौरान दोनों आरोपियों ने उन पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे वह दोनों घायल हो गए। मारपीट की आवाज सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## जिला नागरिक अस्पताल के समक्ष आयोजित किया भंडारा

# मंच का उदेश्य हर जरुरतमंद की सेवा करना

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- यमुनानगर के लोग इस मासिक भंडारे के लिए दिल खोलकर अपना सहयोग दे रहे



**यमुनानगर।** जिला नागरिक अस्पताल के समक्ष मंच द्वारा आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करती हुई प्रदेशाध्यक्ष मलिक रोजी आनंद व अन्य।

हरियाणा एकता मंच द्वारा बुधवार को जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर के समक्ष मासिक संक्रांति के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन मंच के सदस्य गुलशन मल्होत्रा द्वारा किया गया। भंडारे में मंच की प्रदेशाध्यक्ष मलिक रोजी आनंद समेत अन्य सदस्यों ने अपनी सेवाएं दी। मंच की प्रदेशाध्यक्ष मलिक रोजी आनंद ने कहा कि मंच का उदेश्य हर जरुरतमंद की सेवा करना है। उन्होंने बताया कि यह मासिक संक्रांति भंडारा हरियाणा के प्रत्येक जिले में संक्रांति के दिन सिविल अस्पतालों के बाहर लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस भंडारे से सिविल अस्पताल में आए मरीजों के साथ साथ उनके साथ आए सहायकों की भी सेवा करने को मिलती है। उन्होंने बताया कि जब इन मासिक भंडारों की योजना बनाई गई थी। तब ऐसा लगता था की हम यह कैसे कर पाएंगे। मगर आज यह एक संस्था द्वारा चलाया जा रहा भंडारा नहीं रहा है। बल्कि इसे यमुनानगर के हर नागरिक ने अपना कर्त्तव्य समझ लिया है। यमुनानगर के लोग इस मासिक भंडारे के लिए दिल खोलकर अपना सहयोग दे रहे हैं।

**कोई भूखा न रहे**

मलिक रोजी आनंद ने कहा कि भण्डारों का एक ही उद्देश्य है कि कोई भूखा ना रहे हर पेट में रोटी हो हर जरूरतमंद लोगों को खाना मिलता रहे। उन्होंने कहा की पंजाबी हरियाणा एकता मंच समय समय पर मैडिकल कैंप, रक्तदान शिविर पानी की सेवा बच्चों को पढ़ने के लिए किताबें दिलवाना ऐसे भिन्न भिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य करता रहता है। हमारी फेम का एक ही उद्देश्य है कि हर जरूरत मंद तक पहुंच सकें और उनकी हर संभव सहायता कर सकें। मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष नवीन गुलाटी, सचिव सिकन्दर मल्होत्रा ,जिलाध्यक्ष अनिल ठकराल,गीता कपूर, रश्मि वर्मा, संजय मलिक, संजय चोपड़ा, संजय लाम्बा आदि मौजूद रहे।

# बच्चों को दी अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस की जानकारी

- दून पब्लिक स्कूल बुबका में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस
- दो देशों के बीच के झगड़ों को निपटाने के लिए इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस की स्थापना दुनियाभर के देशों ने मिलकर की थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर




**यमुनानगर।** दून पब्लिक स्कूल बुबका में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों को जानकारी देती प्रिंसीपल।

दून पब्लिक स्कूल बुबका की ओर से बुधवार को अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसीपल रेखा कांबोज ने बच्चों को न्याय दिवस की जानकारी देते हुए उनका ज्ञानवर्धन किया। कांबोज ने बताया कि हर वर्ष 17 जुलाई को दुनियाभर में यह दिवस मनाया जाता है। दो देशों के बीच के झगड़ों को निपटाने के लिए इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस यानि आईसीजे की स्थापना दुनियाभर के देशों ने मिलकर की थी। इसकी स्थापना 1945 में हॉलैंड के शहर हेग में की गई थी। अंतरराष्ट्रीय कानूनी विवादों का निपटारा इस कोर्ट मे किया जाता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा ये संयुक्त राष्ट्रीय के अंगों और विशेष एजेंसियों द्वारा उठाए कानूनी प्रश्नों पर राय भी देते हैं। इस न्यायालय में 15 न्यायाधीश होते हैं। इन्हें संयुक्त राष्ट महासभा और सुरक्षा परिषद मिलकर चुनती है। जिनका कार्यकाल 9 साल का होता है। उन्होंने बताया कि न्यायधीशों की नियुक्ति के संबंध में मुख्य शर्त ये होती है कि दो न्यायधीश एक देश से नहीं चुने जा सकते। इसके कुल 192 देश सदस्य हैं।

## खबर संक्षेप

### हरिओम मंदिर में शिव महापुराण कथा 22 से

**कुरुक्षेत्र।** शास्त्री नगर समिति द्वारा 22 जुलाई से शास्त्री नगर स्थित



हरिओम मंदिर में 13 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए समिति के सचिव सुभाष अरोड़ा ने बताया कि श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन श्रावण मास के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। हरिओम मंदिर के पुजारी अरूण मिश्रा श्रद्धालुओं को कथा सुनाएंगे। कथा 22 जुलाई से आरंभ होगी और 4 अगस्त को समापन पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा प्रतिदिन सांय 4 से 6 बजे तक होगी। सुभाष अरोड़ा ने बताया कि कथा के सफल आयोजन के लिए समिति सदस्यों की डयूटी लगा दी गई है।

### पैन इंडिया कैंपेन के बारे में दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा एडीआर सैंटर में पैन इंडिया कैंपेन के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत डीएलएसए के सीजेएम एवं सचिव नितिन राज द्वारा विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पैन इंडिया कैंपेन के बारे में जानकारी दी गई। रिसोर्स पर्सन सरोज सैनी चीफ एलएडीसी द्वारा सभी को बताया गया जेल में बंद किशोरों की पहचान करना और उन्हे कानूनी सहायता में किस प्रकार मदद की जा सकती है।

### जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप 27 से

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र बैडमिंटन संघ द्वारा कुरुक्षेत्र जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप-2024 का आयोजन वायर विंग्स अकैडमी, सैक्टर-7 में 27 और 28 जुलाई 2024 को किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग एकल, युगल, मिश्रित टीमों के लिए मैच खेले जाएंगे। इस चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु एकल मैच का प्रवेश शुल्क लिए 300 व युगल मैच के लिए 500 रुपये निश्चित किया गया है। सभी खिलाड़ियों को अपना आयु प्रमाण पत्र चैंपियनशिप प्रारंभ होने से पहले जमा करवाना होगा।

### छात्र मानसिक रूप से स्वस्थ रहें: प्रो.सुनीता

**कुरुक्षेत्र।** बेहतर शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्रों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना चाहिए। इसके लिए छात्रों को अपनी दिनचर्या बेहतर करनी चाहिए; ताकि स्वस्थ रहें। यह विचार यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल की वाइस चेयरपर्सन प्रोफेसर सुनीता दलाल ने बुधवार को स्कूल के विवेकानंद सभागार में छात्रों को परीक्षाएं आरंभ होने से पहले आशीर्वाद देते हुए व्यक्त किए।

### संग्रहालय में दान की सैकड़ों वर्ष पुरानी वस्तुएं


**कुरुक्षेत्र।** धरोहर हरियाणा संग्रहालय में बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त उप-पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. ज्ञान देवी गुप्ता ने सैकड़ो वर्ष पुरानी वस्तुए दान में दी। धरोहर के क्यूरेटर डॉ गुरचरण सिंह ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में धरोहर हरियाणा संग्रहालय हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण व उसे सहेजने का कार्य कर रहा है।

### 1200 से अधिक रजिस्ट्री, 600 से अधिक इंतकाल का कार्य रूका

# कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल से कई विभागों में अटके काम

### सरकार द्वारा मांगें ना मानने तक जारी रहेगी हकों की लड़ाई : नागपाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**



**कुरुक्षेत्र।** तहसील में खाली पड़ी कंप्यूटर ऑपरेटरों की कुर्सियां।

हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्स संघ के आह्वान पर जिलाभर की तहसीलों, एसडीएम ऑफिस व डीसी ऑफिस में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर बुधवार को तीसरे दिन भी हड़ताल पर रहने के कारण कामकाज के लिए आई पब्लिक को मायूसी हाथ लगी। कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल से रजिस्ट्री, लाइसेंस, रिहायसी प्रमाण पत्र, नकल जमाबंदी निकालना आदि काम प्रभावित हुआ। तीसरे दिन भी तहसीलों में रजिस्ट्री, इंतकाल, फर्द, डोमिसाइल, जातिप्रमाण पत्र, आरसी-लाइसेंस सहित सभी तरह के सर्टिफिकेट का कामकाज बंद रहा। गौरतलब है कि नियमित करने सहित अन्य मांगों को लेकर तीन दिन से हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्स संघ के आह्वान पर कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर हैं। तीन दिन में जिलाभर की तहसीलों में 1200 से अधिक रजिस्ट्री, 600 से अधिक इंतकाल, 1000 के करीब सर्टिफिकेट जिनमें डोमिसाइल व जाति प्रमाण पत्र जैसे सर्टिफिकेट जैसे कामकाज ठप हो गए हैं। तीन दिन में जिलाभर में औसतन 3000 के करीब जमाबंदी- फर्द नकल लेने का औसत रहता है, यह काम भी तीन दिन से ठप है। लाइसेंस-आरसी जैसे कामकाज भी पेंडिंग हो गए हैं। संघ के जिला प्रधान प्रमोद नागपाल का कहना है नियमित करने की मांग को लेकर सरकार की तरफ से जबतक कोई सकारात्मक रूख नहीं आएगा। कंप्यूटर प्रोफेशनल्स बुधवार को भी हड़ताल पर रहेंगे। नागपाल का कहना है, जबतक सरकार मांग नहीं मानेगी कंप्यूटर ऑपरेटर हकों की लड़ाई जारी रखेंगे। कंप्यूटर ऑपरेटर का कहना है कि सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मचारी काफी समय से कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, जॉब सिक्योरिटी देने और स्पेशल रेगुलराइजेशन पॉलिसी लाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन इन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हड़ताल की वजह से लोग परेशान हो रहे हैं, लेकिन सरकार पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। सरकार को प्रतिदिन करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

#### हड़ताल से लोग परेशान

कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल से तहसील परिसर में आने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। उन्हें बिना कार्य करवाएं ही मायूस होकर वापस जाना पड़ रहा है। तहसील परिसर में आए पिपली निवासी रामकुमार ने बताया कि तीन दिन से तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहा हूं, लेकिन मुझे इंतकाल नहीं मिल पा रहा है। कंप्यूटर ऑपरेटर अब कब तक हड़ताल पर रहेंगे, इसके बारे में किसी को जानकारी नहीं है।

## थानेसर की जनता बदलाव व विकास के लिए तैयार : डीडी



**कुरुक्षेत्र।** वार्ड 11 सुंदरपुर में आयोजित जनजागरण में पहुंचे जयभगवान शर्मा डीडी।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

बीजेपी नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी की जन आशीर्वाद यात्रा थानेसर शहर के वार्ड नं 11 सुंदरपुर पहुंची, जहां समर्थकों ने उन्हें लड्डूओ में तोला और फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान यहां डीडी शर्मा ने जन जागरण सभा को संबोधित किया, सभा में भारी जन सैलाब उमड़ा। जन जागरण सभा में पहुंचे युवाओं ने डीडी शर्मा जिंदाबाद के नारे लगाए और डीडी शर्मा आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं। इस मौके पर समाजसेवी नरेंद्र सिंह गिल के आवास पर जय भगवान शर्मा ने जलपान किया और कार्यक्रम के लिए नरेंद्र सिंह गिल, पवन शर्मा सुंदरपुर व अन्य आयोजकों का आभार जताया। जय भगवान शर्मा ने कहा कि थानेसर की जनता आज बदलाव और विकास के लिए तैयार है, बस चुनाव का इंतजार है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में जातिवाद और परिवारवाद ने विकास के साथ जन भावना को दरकिनार किया है।डीडी शर्मा ने दावा किया कि कुरुक्षेत्र को भय, भूख, अपराध और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए चलाए 'प्रणाम थानेसर, निर्माण थानेसर' कार्यक्रम को छत्तीस बिरादरी का समर्थन मिल रहा है। हमारा संकल्प बदलाव है, विकास है, मैं आपकी उम्मीदों पर खरा उतरूंगा। बतां दे कि जय भगवान शर्मा डीडी कुरुक्षेत्र की राजनीति में बीते 3 दशक से सक्रिय हैं। खेड़ी मारकण्डा के सरपंच से लेकर जिला परिषद सदस्य, चेयरमैन चुनाव के लिए फाइट करना, 2014 में बीजेपी की टिकट पर चुनाव लड़ना, 2019 में कुरुक्षेत्र लोकसभा चुनाव से चुनाव लड़ना और 2024 में सबसे मजबूत दावेदार कुरुक्षेत्र लोकसभा संसदीय क्षेत्र से बन कर उभरने वाली शख्सियत एक बार फिर सुर्खियों में है।

## कुवि तथा इस्कॉन के मध्य होगा एमओयू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आने वाले समय में इस्कॉन के साथ एमओयू किया जाएगा। बुधवार को इस्कॉन के उपाध्यक्ष मोहन गौरचन्द्र दास और उनके सहयोगी प्रेम सिंधू दास ने प्रो. सोमनाथ सचदेवा से शिष्टाचार भेंट की और अंतर्राष्ट्रीय गीता ओलंपियाड में छात्रों को भागीदारी करने का निमंत्रण दिया। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा मौजूद थे। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि इस्कॉन का उद्देश्य गीता के मूल्यों, शिक्षाओं और आधुनिक जीवन में इसकी प्रासंगिकता को बढ़ावा देना और युवाओं को एक मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में इसके ज्ञान को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। गीता से प्राप्त ज्ञान हमारे संदेहों को दूर करता है और हमारे आत्मविश्वास का निर्माण करता है। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि आने वाले समय में कुवि के विद्यार्थियों को गीता की शिक्षाओं के बारे में पता लगे और



उनका सर्वांगीण विकास हो इस उद्देश्य के लिए इस्कॉन के साथ एमओयू किया जाएगा। मोहन गौरचन्द्र दास ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय गीता ओलंपियाड एक शैक्षिक कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को गीता की गहन शिक्षाओं का पता लगाने और इसके सिद्धांतों की अपनी समझ को गहरा करने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह 17 से 25 आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए एक प्रतियोगी परीक्षा या प्रतियोगिता है जो भगवद गीता में प्रस्तुत शिक्षाओं, दर्शन और ज्ञान पर केंद्रित है। इस्कॉन की गतिविधियों में शिक्षा, नशा मुक्ति और चरित्र निर्माण, वैदिक संस्कृति को कायम रखना शामिल है।

### 25 लाख के बजट से सरस्वती तीर्थ की बदलेगी फिजा

**पिहोवा।** नगर पालिका के वार्ड नंबर 13 से पार्षद महंत दीपक प्रकाश ने बताया कि सरस्वती तीर्थ को सुंदर बनाने की दिशा में अब नगर पालिका की ओर से तेजी से काम शुरू किया जाएगा। इसके लिए 25 लाख रुपए से अधिक का बजट खर्च किया जाएगा। पार्षद महंत दीपक प्रकाश ने बताया कि इस राशि से तीर्थ की ओर जाने वाली सड़क बनाई जाएगी। उनके वार्ड में पड़ने वाले इस क्षेत्र की सड़क पर लगभग पांच लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इसी के साथ सब्जी मंडी के पास सरस्वती चौक का नवीनीकरण करते हुए एक भव्य चौक का निर्माण भी किया जाएगा। जिसका नाम महाराजा पृथु के नाम पर पृथुदक चौक होगा। इस पर भी पांच लाख रुपए की राशि खर्च होगी। इस कार्य में विशेष तौर पर नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणी का सहयोग एवं मार्गदर्शन भी रहेगा। इसके अलावा तीर्थ की ओर मुड़ने वाली सड़क के ऊपर विशाल सरस्वती द्वार बनाया जाएगा।

### सफलता के लिए कड़ी मेहनत जरूरी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के नरकातारी रोड़ स्थित क्रिकेट एकेडमी में बुधवार को आस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित व्योगर टेनिस एकेडमी के कोच रोहित ने क्रिकेट खिलाड़ियों को जीवन में सफलता के मूलमंत्र देते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए कड़ी मेहनत जरूरी है। उन्होंने कहा कि खेल के साथ-साथ पढ़ाई का भी विशेष महत्व है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल के साथ शिक्षा भी जरूरी है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को शरीर को फिट रखने के लिए अभ्यास भी करवाए तथा महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। टेनिस कोच रोहित ने बताया कि वह पहले चीन देश में टेनिस खेल की कोचिंग दे रहे थे तथा पिछले तीन वर्षों से वह अब आस्ट्रेलिया के सिडनी शहर स्थित व्योगर टेनिस एकेडमी में कोचिंग दे रहे हैं। उन्होंने स्वयं के अनुभवों को साझा करते हुए युवा खिलाड़ियों को कहा कि जीवन में लम्बे संघर्ष के बाद उन्हें यह मुकाम हासिल किया है। इसलिए सभी खिलाड़ी जो जीवन की उचाइंयों को प्राप्त करना चाहते हैं वे जीवन में कड़ी मेहनत एवं अभ्यास करें। इस अवसर पर क्रिकेट एकेडमी के कोच तरूण वशिष्ठ, पूनम वशिष्ठ सहित युवा खिलाड़ी मौजूद रहे।

## पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की वजह से बढ़ रहा वायु प्रदूषण : पवन मित्तल

- राजकीय विद्यालय धूलगढ गुलडेहरा में किया पौधरोपण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**




**कुरुक्षेत्र।** पौधरोपण करते शिक्षकगण व बच्चे।

राजकीय आदर्श संस्कृति प्राथमिक विद्यालय धूलगढ गुलडेहरा में हर विद्यार्थी से माँ के नाम पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापक राजीव थाना व सुरजीत सिंह ने किया। विद्यालय में विद्यार्थियों से मां के नाम पौधारोपण करवाया गया और साथ ही उपस्थित बच्चों और ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारी पृथ्वी ने हमें वो समस्त संसाधन तथा सुविधाएं प्रदान की है जो सुखी जीवन के लिए आवश्यक होती हैं। बिना कुछ लिए हमें पृथ्वी से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं। इसलिए हमारा भी यह फर्ज बनता है कि हम भी पृथ्वी को स्वच्छ और हरा भरा बनाने के लिए पेड़ लगाएं। विद्यालय के मुख्याध्यापक व सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति सजग होने और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को पर्यावरण की देखभाल के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मनुष्य के क्रियाकलापों के कारण पर्यावरण को लगातार नुकसान हो रहा है। पेड़ो की अंधाधुंध कटाई की वजह से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है जिससे सांस की बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। एक तरफ पानी का दुरुपयोग तथा दूसरी तरफ पानी के लिए हाहाकार की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति संवेदनहीनता के चलते पर्यावरण बचाने प्रश्न प्रमुखता के साथ आगे बढ़ नहीं पाया। पृथ्वी पर पर्यावरण संरक्षण के सवाल को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण धरती पर असामान्य रुप से मौसम में बदलाव हो रहे हैं। सर्दी-गर्मी और बरसात में कभी कमी तो कभी अधिकता दिखाई दे रही है। मौसम के बदलाव की असामान्यता तो आम लोग भी महसूस करने लगे हैं परन्तु समस्या के निदान का रास्ता उन्हें दिखाई नहीं पड़ रहा है।

## छात्राओं को कौशल विकास के महत्व के बारे में दी जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

यूएसएफ कुरुक्षेत्र ने डॉ. सुषमा शर्मा के मार्गदर्शन में विश्व युवा कौशल दिवस और विश्व जनसंख्या दिवस को मनाने के लिए एक ऑनलाइन सत्र आयोजित किया। डॉ. सुषमा शर्मा ने सत्र की शुरूआत में शलिनियों को संबोधित किया और कौशल का मतलब बताया कि यह किसी कार्य को सही ढंग से करने की क्षमता है। उन्होंने शलिनियों को अपनी संचार क्षमता, मॉक इंटरव्यू के माध्यम से सुधारने के लिए प्रेरित किया। डॉ. शर्मा ने विश्व जनसंख्या के तथ्यों को भी साझा किया और बताया कि जनसंख्या के मामले में भारत अग्रणी देश है। उन्होंने कुछ प्रमुख तथ्य और आंकड़े साझा किए, जिससे शलिनियों को जनसंख्या वृद्धि के प्रभावों को समझने में मदद मिली। उन्होंने जोर दिया कि डिजिटल युग में तकनीकी और व्यावसायिक कौशलों का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। एपीसी पूजा ने शलिनियों को यूएसएफ द्वारा प्रदान किए गए डिजिटल कोर्स को पूरा करने के लिए भी प्रोत्साहित किया और बताया कि ये कोर्स उनकी पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाने में मददगार होंगे। सत्र में बैच 12 की पूर्व शालिनी हिमांशी शुक्ला ने भी भाग लिया।हिमांशी ने उच्च जनसंख्या के फायदे और नुकसान के बारे में भी बताया। इस सत्र में 51 शलिनियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और विभिन्न चचार्ओं और प्रस्तुतियों से लाभान्वित हुईं। एपीसी पूजा और सभी शलिनियों ने डॉ. सुषमा शर्मा को उनके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए धन्यवाद किया।

## केयू में योग पाठ्यक्रम समीक्षा समिति की बैठक 19 जुलाई को

- बैठक प्रात: 11 बजे से सायं 5 बजे तक सीनेट हाल में होगी
- सभी संबंधित अधिकारियों को आमंत्रित किया गया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**



**कुरुक्षेत्र।** जानकारी देते हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य।

प्रदेश भर के सभी विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के योग पाठ्यक्रमों को और अधिक प्रभावी, सरल एवं सुरुचिपूर्ण बनाने के लिए हरियाणा योग आयोग भरसक एवं गम्भीर प्रयास कर रहा है। इसके लिए आयोग द्वारा एक योग पाठ्यक्रम समीक्षा समिति का गठन किया गया है जिसमें आयोग के अध्यक्ष, अधिकारियों एवं सदस्यों के अतिरिक्त कुछ प्रबुद्ध योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, विद्यालय शिक्षा विभागों व उच्चतर शिक्षा विभाग के अधिकारियों, विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों एवं चुनिंदा मुख्य योग संस्थाओं एवं योगासन खेल संघ के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य ने बताया कि हरियाणा सरकार एवं यूजीसी भी सभी विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में योग को अनिवार्य करने बारे गंभीर है। उन्होंने बताया कि इसी बात को ध्यान में रखते हुए हरियाणा योग आयोग द्वारा एक योग पाठ्यक्रम समीक्षा समिति का गठन किया गया है। इस समिति की पहली बैठक हरियाणा योग आयोग, श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार 19 जुलाई को प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में होगी जिसमें समिति के सदस्यों सहित सभी संबंधित अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ नरेश भार्गव को इस बैठक के समन्वयक तथा भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय अधिकारी गुलशन कुमार ग्रोवर को संयोजक का दायित्व सौंपा गया है।

### स्वस्थ शरीर के लिए स्वास्थ्य जांच जरूरी : डॉ. ममता सचदेवा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में बुधवार को केयू स्वास्थ्य केन्द्र व मेदान्ता अस्पताल, गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में केयू कर्मचारियों एवं आस-पास के लोगों के लिए केयू हेल्थ सेंटर में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजित हुआ। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की धर्मपत्नी डॉ. ममता सचदेवा ने इस निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए स्वास्थ्य जांच भी जरूरी है क्योंकि एक स्वस्थ व्यक्ति ही अपने परिवार, समाज, शिक्षण संस्थान व राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान दे सकता है। केयू स्वास्थ्य केन्द्र के एडमिनिस्ट्रेटर व चिकित्सक डॉ. आशीष अनेजा ने बताया कि स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित शिविर में मेदान्ता अस्पताल, गुरुग्राम के विशेषज्ञ डॉ. एसके तनेजा, डॉ. ईशान व उनकी टीम ने लोगों के सामान्य शरीर की जांच, रक्तचाप की निगरानी, रक्त शर्करा के स्तर की निगरानी, हीमोग्लोबिन, बीएमआई, न्यूरोथेरेपी, स्पिरोमेट्री, ब्लड प्रैशर, ब्लड शुगर, ईसीजी (हृदय संबंधित जांच), हृदय रोग, हड्डियों में कैल्शियम तथा फेफड़ों की जांच की गई। इस अवसर पर डॉ. गुरचरण, डॉ. मंजूला, डॉ. डीएस काला, डॉ. अरूण, डॉ. आरके सिंह, डॉ. रितु, डॉ. अरविन्द्र कुमार, केएस त्यागी, संगीता, वरूण, योगेश, पार्थ, वीरेन्द्र, रूपेश खन्ना, नरेन्द्र वर्मा व पारस सहित स्वास्थ्य केन्द्र के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।



**कुरुक्षेत्र।** डॉ. ममता सचदेवा का स्वागत करते केयू स्वास्थ्य केन्द्र के एडमिनिस्ट्रेटर व चिकित्सक डॉ. आशीष अनेजा।

## यूथ स्पोर्ट्स एकेडमी में 30 को होगा रक्तदान शिविर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा**

यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन लाडवा की एक विशेष बैठक भरपूर कॉलोनी में यूथ स्पोर्ट्स अकैडमी में की गई। इस मीटिंग का उद्देश्य संगठन के द्वारा 30 जुलाई 2024 को शहीद उधम सिंह के याद में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा संगठन के सभी पदाधिकारी ने अपने-अपने कार्यों को समझा और यह आश्वासन दिलाया कि हर बार की तरह इस बार भी हमारे द्वारा रक्तदान शिविर में बेहतरीन सुविधाएं और एलएन जे पी कुरुक्षेत्र की टीम को रक्त संग्रहण के लिए बुलाया जाएगा। संस्था के चैयरमैन एवं समाजसेवी जोग ध्यान ने जानकारी देते हुए बताया कि हम पिछले 7 वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन करते आ रहे हैं और यह कार्य हमारे संगठन के द्वारा भविष्य में भी इसी तरह चलते रहेंगे और यह सभी कार्य हमारे सभी संस्था के सदस्यों के प्रयासों के कारण ही संभव हो पा रहे हैं।



**लाडवा।** बैठक में भाग लेते यूथ स्पोर्ट्स अकैडमी के सदस्य।

### विश्व युवा कौशल दिवस पर किया सेमिनार

**कुरुक्षेत्र।** दी इंस्टिट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउंटेंट आफ इंडिया (आईसीएआई) की कुरुक्षेत्र शाखा द्वारा व्यावसायिक कौशल संवर्धन कमेटी के तत्वावधान में विश्व युवा कौशल दिवस पर सेमिनार किया गया, जिसमें अतिथि स्पीकर सीए शुभम गोयल ने प्रतिभागियों को चार्टर्ड एकाउंटेंट कौशल संवर्धन थीम पर पीपीटी द्वारा प्रस्तुति देकर लाभान्वित किया। इस दौरान कुरुक्षेत्र शाखा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन परविंदर सिंह ने अतिथि को स्मृति-चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया। इसके साथ सीए परीक्षा 2024 को उत्तीर्ण करके सीए बनने वाले नए सीए सदस्यों को संस्थान द्वारा स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सीए इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया, जिसमें दो विद्यार्थी नेशनल लेवल रैंक होल्डर 32 और 47 भी शामिल थे।

### 2 माह में करीब 66 करोड़ रुपए की परियोजनाएं भेजी

# सामुदायिक केंद्र होटल की तर्ज पर होगें विकसित: सुधा

- नवीनीकरण करने का प्रोजेक्ट सरकार के पास भेजा
- 5 फीसदी बजट सरकार की तरफ से खर्च किया जाएगा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**



**कुरुक्षेत्र।** राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

हरियाणा के स्थानीय शहरी निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर शहर के सामुदायिक केंद्रों को होटल की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इन सामुदायिक केंद्रों का नवीनीकरण करने का प्रोजेक्ट सरकार के पास भेजा गया है। इन सामुदायिक केंद्रों को पूर्णतः सेंट्रल वातानुकूलित बनाया जाएगा। इन सामुदायिक केंद्रों को अप टू डेट करने की परियोजना पर करीब 11 करोड़ का बजट खर्च किया जाएगा। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बातचीत करते हुए कहा कि थानेसर शहर के साथ-साथ गांवों में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए जोर-शोर से कार्य किया जा रहा है। पिछले 2 माह में करीब 66 करोड़ रुपए की राशि की परियोजनाएं सरकार के पास भेजी गई है और इनमें से अधिकतर परियोजनाओं पर सरकार ने प्रशासनिक अनुमति के साथ-साथ करोड़ों का बजट भी जारी कर दिया है। इन तमाम परियोजनाओं के कार्यों को आगामी 2 माह के अंदर पूरा करने का लक्ष्य भी निर्धारित किया है। इन परियोजनाओं में थानेसर शहर के सामुदायिक केंद्रों को होटल की तर्ज पर विकसित करने का प्रोजेक्ट भी शामिल है। इस प्रोजेक्ट को नगर परिषद की तकनीकी और सिविल टीम के माध्यम से तैयार किया गया है और अंतिम अनुमति के लिए परियोजना सरकार के पास भेजी गई है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना पर लगभग 11 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इसमें से 35 फीसदी बजट नगर परिषद की तरफ से खर्च किया जाएगा और 65 फीसदी बजट सरकार की तरफ से खर्च किया जाएगा। इस परियोजना के अनुसार सेक्टर-3, 4, 5, 7, 8 व 13 के सामुदायिक केंद्रों को पूर्णतः वातानुकूलित किया जाएगा, फ्रंट को नया लुक दिया जाएगा, शौचालयों का नवीनीकरण करने के साथ-साथ हॉल में स्टेज और अन्य तमाम कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही सामुदायिक केंद्रों की चारदिवारी करवाने का काम भी किया जाएगा। इन सामुदायिक केंद्रों में फायर सेफ्टी का प्रबंध किया जाएगा। राज्य मंत्री ने कहा कि शहर के सभी अधूरे विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जा रहा है, अब तक केंद्र और प्रदेश सरकार की तरफ से कई हजार करोड़ का बजट हल्का के विकास कार्यों पर खर्च किया जा चुका है और विकास का यह कारवां निरंतर चलता रहेगा।

## खबर संक्षेप

### घर से निकली महिला हुई लापता

**बराड़ा।** एक महिला के रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गई। शिकायतकर्ता विनय कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी 19 वर्षीय बेटी, तनु जो शादीशुदा है। वह उनके घर पर आई हुई थी। 4 मार्च 2024 अपने पति के पास जाने की बात कहकर घर से गई थी लेकिन वह अभी तक अपने ससुराल नहीं पहुंची। काफी तलाश के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने तनु की तलाश शुरू कर दी है।

### श्री रविदास का संत समागम 21 को

**बराड़ा।** मुलाना-धनौरा रोड स्थित गुरु रविदास आश्रम गांव टंगैल में श्री गुरु रविदास जी महाराज का विशाल संत समागम रविवार 21 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। गद्दीनशीन महंत लक्ष्मी प्रकाश महाराज ने बताया कि सतगुरु बचनदास महाराज पावन याद में श्री गुरु रविदास आश्रम, ब्रह्मलीन महंत सतगुरु बचनदास चेरिटेबल सोसायटी टंगैल की तरफ से अमृतवर्षा कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि सुबह 9 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में संगत पहुंचेगी। इस अवसर पर मदन सिंह व सुरेंद्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### दुर्घटना के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने आरोपी रामपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। तोपखाना परेड के नानक चंद ने 12 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि छावनी के पास आरोपी ट्रक चालक ने उसकी साईकिल में टक्कर मार कर उसे घायल कर दिया था।

### आरोपी को किया शामिल जांच

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप को शामिल जांच किया है। पीड़ित महिला ने 4 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 5 सितंबर 2023 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतु उसे प्रताड़ित कर जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी कार्तिक, सचिन, राहुल व संजय उर्फ बुगुल को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 जुलाई 2024 को आरोपी कार्तिक, सचिन, राहुल व संजय उर्फ बुगुलु ने उसके पति व देवर की मोटरसाईकिल रोककर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

### व्यक्ति पांच किलो चूरा पोस्त के साथ पकड़ा

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने पुराना हिसार रोड पर एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से पांच किलो चूरा पोस्त बरामद किया है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी।

---

हाइवे बंद होने से वैकल्पिक रास्तों से वाहन चालकों को निकलना पड़ा

# हाइवे पर बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था

### युवा किसान की रिहाई के लिए होना था घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


हाइवे पर किसानों को रोकने के लिए बंदोबस्त का जायजा लेते एसपी सुरेंद्र भौरिया


तैनात सुरक्षा बल के जवान।


संबोधित करते किसान नेता सरवण सिंह पंधेर।


हाइवे पर जमा किसानों का दृश्य

शंभू बॉर्डर पर डटे किसान संगठनों की ओर से युवा किसान नवदीप सिंह जलबेड़हा की रिहाई के लिए एसपी ऑफिस के घेराव का ऐलान किया था। हालांकि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद नवदीप को देर शाम को ही अंबाला सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया था। इसके बावजूद किसानों ने एसपी ऑफिस के घेराव का निर्णय लिया था। इसके लिए किसान नेता लगातार अंबाला शहर की अनाजमंडी में तमाम किसानों को एकजुट होने की अपील कर रहे थे। किसानों के एकजुट होने से पुलिस व प्रशासन को कानून व्यवस्था बिगड़ने का अंदेशा था। इसी वजह से प्रशासन की ओर से यहां धारा 163 लगाई गई थी। किसी भी जगह पांच से ज्यादा लोगों को एकजुट होने की इजाजत नहीं दी गई थी। प्रशासनिक आदेशों के बावजूद किसानों ने शहर की अनाजमंडी में एकजुट होने का निर्णय लिया था। इसके बाद सभी किसानों ने एसपी ऑफिस के घेराव की बात कही थी।

### रिहा किए गए सभी किसान नेता

मीटिंग के दौरान पुलिस अधिकारियों ने हिरासत में लिए गए सभी किसानों को रिहा कर दिया। दरअसल सुबह ही पुलिस ने किसानों के घेराव को फेल करने के लिए भाकियू शहीद भगत सिंह के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी समेत कई किसान नेताओं को हिरासत में ले लिया था। इसके बाद पुलिस सभी किसान नेताओं को अपने साथ ले गई। इस बात किसान भड़क गए। किसानों ने साफ कहा कि जब तक सहयोगियों की रिहाई नहीं होती तब तक वे हाइवे से पीछे नहीं हटेंगे। सहमति के बाद पुलिस ने सभी किसान नेताओं को रिहा कर दिया गया। भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के प्रवक्ता बहादुर ने बताया कि किसानों को रिहा कर दिया गया है। प्रशासन ने उन्हें अंबाला शहर अनाज मंडी में बैठक करने की भी इजाजत दी है।

### वाहनों को निकालने की अपील की

किसान नेता सरवण सिंह पंधेर व जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कई किसान नेताओं को हिरासत में लिए जाने पर कड़ा ऐतराज जताया था। उन्होंने घेराव से पहले प्रशासन के सामने दो मांगें रखीं। एक तो हिरासत में लिए गए किसान नेताओं को तुरंत रिहा किया जाए। दूसरा युवा किसान नेता नवदीप जलबेहड़ा रिहाई के बाद अंबाला शहर की अनाज मंडी में रखी बैठक में उन्हें शामिल होने दिया। पंधेर ने इन मांगों को लेकर एसपी सुरेंद्र भौरिया से भी बातची की थी। तब एसपी ने उन्हें उच्चाधिकारियों से बात करने की सलाह दी थी। पंधेर ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग हाइवे के एक तरफ रहें ताकि वाहन चालकों को किसी तरह की दिक्कत न हो। किसान नेता तेजबीर सिंह ने कहा कि पंजाब बॉर्डर से हरियाणा पुलिस द्वारा किसानों को हिरासत में लेने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए पंजाब सरकार को जवाब देना होगा। हम शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करना चाहते हैं।

### जश्न के साथ हुई रिहाई

तीन महीने से अंबाला सेंट्रल जेल में बंद युवा किसान नवदीप सिंह जलबेहड़ा की बीते रोज देर शाम रिहाई हो गई थी। बड़ी संख्या में किसान जेल के बाहर जमा हो गए थे। नवदीप के मामले की पैरवी कर रहे एडवोकेट रोहित जैन खुद जेल के बाहर पहुंचे थे। इस दौरान नवदीप ने कहा कि वे अपना हक लेकर रहेंगे। जेल व पुलिस की ज्यादतियां उनका हौसला नहीं तोड़ सकती। किसान नेता अमरजीत सिंह मोहड़ी ने कहा था कि नवदीप की रिहाई के बावजूद मंडी में तय कार्यक्रम होगा। इसमें युवा किसान को सम्मानित किया जाएगा। बाद में किसानों ने शंभू बॉर्डर पर युवा किसान नवदीप को सम्मानित किया।

---

# पानी निकासी के लिए कब्जे हटाने के आदेश


**शहजादपुर।** बरसाती पानी की निकासी का जायजा लेते हुए एसडीएम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

एसडीएम यश जालुका ने बुधवार को गांव शहजादपुर व माजरा का दौरा किया। यहां बरसाती नालों से होने वाली पानी की निकासी का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने देखा कि कई लोगों द्वारा नालों के ऊपर व आसपास अवैध कब्जा किया हुआ है। इससे बरसाती पानी अवरूद्ध हो चुका है और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों की परेशानी को देखते हुए एसडीएम ने स्वयं संज्ञान लेते हुए शहजादपुर व माजरा में बरसाती नालों व आस पास सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जा धारकों को तुरंत हटाने के आदेश दिए। उन्होंने बीडीपीओं शहजादपुर व कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग (भवन एवं मार्ग) को निर्देश दिये है कि अवरूद्ध बरसाती पानी की निकासी तुरंत करवानी सुनिश्चित करें ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। थाना प्रबंधक शहजादपुर को भी निर्देश दिये है कि वे अवैध कब्जा धारकों को इन आदेशों की प्रति तामिल करवाकर आदेशों की पालना सुनिश्चित करवाएं। यदि कोई अपना पक्ष रखना चाहता है तो वह 19 को प्रातः 11 बजे अपना पक्ष रख सकता है लेकिन इस दौरान किसी भी प्रकार का पानी की निकासी अवरूद्ध नहीं होनी चाहिए।

### मौनसून में लोग नहीं होंगे परेशान

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि बरसाती पानी की निकासी के संबंध में एसडीएम द्वारा दिए गए आदेश की पालना सुनिश्चित की जाएगी। बरसाती पानी की निकासी सुचारू रूप से हो इसके लिए जो भी कदम उठाने वे उठाए जाएंगे और कहा की इस बार लोगों को बरसात के मौसम में कोई परेशानी न उठानी पड़े इसके लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

---

# इमाम हुसैन की शहादत को किया याद

- बादशाही मस्जिद में आयोजित हुआ जिकरे सौहदा एक करबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** मोहर्रम के दौरान मौजूद मुस्लिम समुदाय के लोग।

बुधवार को अंबाला शहर की बादशाही मस्जिद में रजा-ए-मुस्तफा वेलफेयर सोसायटी द्वारा जिकरे सौहदा ए करबला (मोहर्रम) कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोसायटी के प्रधान मेराज आलम ने बताया कि यह देश में मुस्लिम समुदाय के द्वारा मनाए जाने वाला प्रमुख त्योहारों में से एक है। यह इस्लामी नए साल की शुरूआत का प्रतीक है। यह इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना है। मुहर्रम का 10वां दिन जिसे आशूरा का दिन कहा जाता है। यह दिन बहुत महत्वपूर्ण है। 2024 में मुहर्रम का 10वां दिन 17 जुलाई यानी (बुधवार) है। बादशाही मस्जिद में मुस्लिम समुदाय के लोग पैगंबर हजरत मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए जिकरे इमाम हुसैन की महफ़िल सजाई गई। इसमें नात खानी फातिहा खानी हुई। मौलाना अंसार अहमद रज़ा ने बताया कि जो हक के नाम पर अल्लाह के रास्ते पर शहीद होते हैं कुरान पाक में पारा नंबर 4 रूकु नंब 8 पर अल्लाह फ़रमाते है वो लोग जिंदा हैं। उन्हें मुर्दा गुमान न करो। इस मौके पर छबील लगाई गई। लंगर भी तकसीम किया गया।मेराज अलाम ने बताया कि पूरी दुनिया के मुस्लमान मोहर्रम पर रोजा रखते हैं। मस्जिदों में इबादत करते हैं। मोहर्रम की 9वां 10वां तारीख का रोजा रखा उसके 1 साल के गुनाह का कफ्फारा हो जाता है। मुहर्रम और कर्बला का वाक्य हमारे दिलों को ज़ुल्म, कमजोर के साथ खड़े होने की सीख और ताक़त देता है क्योंकि इसमें हमारी तारीख की सबसे बड़ी नज़ीर दर्ज है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कमेटी के मुख्य पदाधिकारी मोहम्मद फारुख, मोहम्मद नौशाद, इसरार खान, अमीन, कलीम अशरफ, मोहम्मद नूर आजम, मोहम्मद जुनैद अंसारी, मोहम्मद अबरार अहमद, मोहम्मद हामिद, मोहम्मद मासूम रजा, आदि मौजूद रहे।

---

# डोडा में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि

- दो मिनट का मौन रखकर आत्मिक शांति के लिए की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


**बराड़ा।** श्रद्धांजलि सभा में भाग लेते वरिष्ठ नागरिक

वरिष्ठ नागरिक सभा की ओर से बुधवार को प्रधान संतोष गोयल की अध्यक्षता में स्थानीय लाला लाजपत राय भवन परिसर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें गत दिन जम्मू कश्मीर, डोडा के जंगलों में एक आतंकी घटना में कैप्टन थापा सहित चार जवानों के वीर गति प्राप्त हुए थे। सभी जवानों को 2 मिनट का मौन रख व मरोमबत्तियां जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई ।आतंकी घटना की घोर निंदा करते हुए शहीद हुए चार रण बांकुरों के प्रति मोमबत्तियां जलाकर तथा 2 मिनट का मौन रखकर आत्मिक शांति एवं परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने सरकार को आतंकी घटनाओं के प्रति कड़े कदम उठाने व आतंकवाद को सख्ती से कुचलने का संदेश देते हुए ऐसी आतंकवादी घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई करके रोक लगाने का अनुरोध भी किया। निसंदेह यह आतंकवादी घटनाएं पड़ोसी देश व कुछ स्थानीय असामाजिक तत्वों के सहयोग से अंजाम दी जा रही हैं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर बलवंत मेहता, सोहनलाल मेहंदीरत्ता, जयप्रकाश वर्मा, ओम प्रकाश ढींगरा, रजनीश मेहता, हंसराज, पूर्ण चंद, ओपी लांबा, राम खिलावन, डॉक्टर योगेश, भूपेंद्र जैन, साहब सिंह, सतीश बक्शी, सहित सभा के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

---

# राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के आवेदन करने का मौका

- देश की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए उनके उत्साह बढ़ाने का यह एक बेहतरीन प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डीसी डॉ.शालीन ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन किए जा सकते हैं। इस राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे आवेदन कर सकते हैं। चयनित बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए उनके उत्साह बढ़ाने का यह एक बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने बताया कि बाल पुरस्कार को दो श्रेणियों नामतः बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में विभाजित किया गया है। दोनों श्रेणियों में कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो। वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत के लिए आवेदन कर सकते हैं।

---

# तालाब की खुदाई के दौरान रिहायशी भवन में दरारें आई

- सरपंच व सचिव पर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना


**मुलाना।** मौके पर आई दरारें दिखाते हुए ग्रामीण।

हेमामाजरा गांव में तालाब से खुदाई के बाद एक घर में दरारें आ गई। दरारें लेंटर, दीवारों और घर के आगे बरामदे में हैं जोकि बढ़ती जा रही है। पीडित को घर गिरने का भय सता रहा है। पीडित ने घर की इस हालत का आरोप ग्राम सरपंच व पंचायत सचिव पर लगाया है। आरोप है कि ग्राम सरपंच व सचिव ने मिली भगत से उसके घर के पीछे खुदाई की और मिट्टी को अपने चहेतों के यहां डलवा दी। पीडित ने सरपंच व सचिव के खिलाफ बीडीपीओ व पुलिस को शिकायत सौंपी है। पीडित रमेश कुमार ने बताया कि करीब एक महीने पहले उसके घर के पीछे तालाब से पंचायत ने खुदाई कराई गई । तालाब से पोकलेन मशीन के साथ काफी मात्रा में मिट्टी उठवाई गई है। जिसमें अब पानी भर गया है। इस खुदाई और उसमें पानी भरने से उसका घर नष्ट हो गया है। उसके घर की दीवारों व लेंटर में दरार आ गई है। घर के बाहर भी जमीन दरक गई है। अब मकान की दरारें बढ़ रही है। जिसके गिरने का भय बना हुआ है। अगर इसी प्रकार दरारे बढ़ती गई तो उसे परिवार सहित किसी अन्य जगह आश्रय लेना पड़ेगा । पुलिस ने मुआवजे की मांग की है। उधर बीडीपीओ सुशील मंगला ने बताया कि मामले की शिकायत मिली थी । मौके का मुआयना कराया गया है। जांच जारी है।

---

# प्रचार अभियान के तहत सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

- गीतों व भजनों के माध्यम से कलाकारों द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही : धर्मेंद्र शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सूचना, जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग के महानिदेशक मनदीप बराड़ के निर्देशानुसार विशेष प्रचार अभियान के तहत प्रदेश सरकार की साढ़े 9 सालों की उपलब्धियों, नीतियों, योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

इसके लिए विभागीय नियमित, अनुबंधित और सूचीबद्ध पार्टियां गांव-गांव में पहुंचकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दे रही है। जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि गीतों व भजनों के माध्यम से कलाकारों द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, अटल मजदूर कैंटीन, बेटियों के हित में चलाई जा रही सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, कन्यादान योजना, आपकी बेटी हमारी बेटी योजना, अंत्योदय अन्न योजना, जनऔषधी केन्द्र, आयुष्मान कार्ड, हैप्पी कार्ड जैसी कइं योजनाओं के बारे जानकारी दी जा रही है।

---

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी

**कैथल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कमेटी के अहवान पर बलोक कमेटी कैथल ने तीसरे दिन बुधवार को भी नगर परिषद के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान बिट्टू बहोत ने की संचालन ब्लॉक सचिव विजय गिल ने की। धरना-प्रदर्शन में सफाई,फायर व दफ्तर के कर्मचारी शामिल हुए। संघ के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस के जिला प्रधान शिवचरण जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा , राज्य उपप्रधान राजेन्द्र सिणंद, केन्द्रीय कमेटी सदस्य जयप्रकाश,गौरव टांक विक्की टांक व ब्लॉक प्रधान बिट्टू बहोत ने कहा कि राज्य सरकार व उसका प्रसाशन लगातार दलित कर्मचारिओ की अनदेखी कर रहा ह ओर दलित सफाई कर्मचारिओ को ठेकेदारो के रहमो करम पर छोड़ा जा रहा ह ठेकेदार कर्मचारिओ की जायेज माँगो को पूरा करने की बजाये राज्य सरकार व उसके प्रसाशन की सह पर इसका शोषण करके अपनी जेब भरने पे लगा हुआ है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### शोकाकुल परिवार से दुर्व्यवहार करने पर हवलदार लाइन हाजिर

**जींद।** बुढाबाबा बस्ती में रात को शोकाकुल परिवार के साथ दुर्व्यवहार करने पर बुधवार को आचार्य योगेंद्र के नेतृत्व में परिजन एसपी सुमित कुमार से मिले और कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जिस पर संज्ञान लेते हुए एसपी ने हवलदार लाइन हाजिर करने आदेश दिए हैं। आर्चाय योगेंद्र के नेतृत्व में एसपी सुमित कुमार से मिलने पहुंचे। परिजनों ने बताया कि बुढ़ाबाबा बस्ती निवासी सुरजमल परिवार में चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई थी। देर रात को परिजन व रिश्तेदार मकान का दरवाजा खुला छोड़ कर कुछ गली में तो कुछ अंदर बैठे हुए थे। उसी दौरान हवलदार राजीव अपने सहयोगी के साथ गश्त कर रहे थे। आरोप लगाया कि गश्त कर रहे हवलदार ने उनकी एक नही सुनी और उनके साथ गाली गलौज करते हाथापाई पर उतर आया।

---

## 10 शिकायतों का मौके पर ही समाधान

# समाधान शिविर में लोगों की सुनीं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** लोगों की शिकायतें सुनते डीसी डॉ. शालीन व अन्य।

डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाता है। सरकार ने समाधान शिविर जनता की समस्याओं का त्वरित निवारण करने की दिशा मे एक अनूठा एवं सार्थक कदम उठाया है, जिससे लोगों को बडी राहत है। इसी कडी मे बुधवार को डीसी कोर्टरूम मे समाधान शिविर लगाया गया। डीसी ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए वहां आए लोगों की एक-एक करके समस्याओं को सुना और अधिकत्तर समस्याओ का मौके पर ही समाधान करवाया। उन्होंने शिविर में मौजूद विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिए कि वह समाधान शिविर की प्रत्येक समस्या को गंभीरता से ले और उनका समाधान तय समय मे समयबद्ध होकर करवाना सुनिश्चत करें। डॉ. शालीन ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देशानुसार लोगो की समस्याओं का जल्द समाधान करने के उदेश्य से जिले मे जिलास्तर व उपमंडल स्तर पर सुबह 9 से 11 बजे तक निरंतर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। और अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान भी किया जा रहा है। बुधवार को जिले में कुल 14 शिकायतें आई जिनमें से 10 शिकायतों का तत्काल समाधान कर दिया गया। शेष 4 शिकायतों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एडीसी अपराजिता, एसडीएम दर्शन कुमार, सीईओ जिला परिषद नवीन आहूजा, नगर निगम सयुंक्त आयुक्त अदिति, डीआरओ योगेश कुमार, डीएफएसई अपार तिवारी, डीडबल्यूओ अनु बंसल, एक्सईएन बिजली विभाग मोहित दहिया, एसडीओ पब्लिक हेल्थ आरएस गर्ग, इंस्पेक्टर राकेश मणि के साथ- साथ अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।